an>

Title: Need to blcok obscence contents on websites.

श्री लक्ष्मी नारायण यादव (सागर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मुझे एक ऐसे विषय पर बोलने के लिए आपने अवसर दिया है जिसका भारतीय समाज पर बहुत ही गंभीर असर पड़ रहा है। गूगल न्यूज़ वेबसाइट को माध्यम बना कर अश्लील विज्ञापनों का एक बड़ा भारी गोरखधंधा चल रहा है। इससे सामाजिक और मानसिक प्रदूषण फैलाने का कार्य हो रहा है। अगर आज इस प्रदूषण को समय रहते हुए नहीं रोका गया तो हमें भारी सामाजिक मूल्यों की क्षति उठानी पड़ेगी। चूंकि आज समाज का हर वर्ग इंटरनेट सुविधाओं से जुड़ा हुआ है जिसमें 18 वष्Â◌ाऩ से कम उम्र के नाबालिग बच्चों की संख्या भी एक बड़ी मात्रा में हैं और अगर देश, विदेश से जुड़ी कोई खबर पढ़ने व देखने के लिए ये बच्चे इन वेबसाइटों पर जाते हैं तो इनको न्यूज़ के साथ अश्लील विज्ञापन और अश्लील वीडियो से भी अप्रत्यक्ष रूप से जोड़ दिया जाता है। इससे हमारे देश की युवा पीढ़ी को बर्बादी की ओर ले जाने का कार्य हो रहा है। अत: सरकार इन वेबसाइटों पर तत्काल प्रतिबंध लगाए।

माननीय उपाध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल और

श्रीरंग आप्पा बारणे को श्री लक्ष्मी नारायण यादव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।